तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025

4 कोल कर्मियों को इस बार एक लाख से अधिक बोनस की उम्मीद





## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प 12 अगस्त को

**रायगढ़।** जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 12 अगस्त को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट कैम्प में कुल 73 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें मे.आदानी पावर लि छोटे भंडार पो. बड़े भंडार तहण्पुसौर में अप्रेन्टिस पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह मे.एनआईआईटी लिबी 498 जुनवानी रोड स्मृति नगर भिलाई में आईसीआई बैंक रिलेशनशिप मैनेजर एक्सेस बैंक असिस्टेंट मैनेजर एवं एचडीएफसी असिस्टेंट मैनेजर तथा मे शाही एक्सपोर्ट प्रालि सबीआई बैंक के पीछे छोटे अतरमुड़ा टीण्व्ही टावर रोड रायगढ़ में असिस्टेंट ट्रेनर एवं मोबीलाईज्र के पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ नियत तिथि एवं समय पर होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### बहनों ने विधायक को बांधी राखी

**सरसीवा।** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक कविता प्राण लहरे को प्रजापति ब्रह्मा कुमारी के बहनों के साथ-साथ क्षेत्र के बहनों ने राखी बांधकर यह आस्था प्रेम और विश्वास का पर्व मनाया। सुबह 7 बजे से ही क्षेत्र के विधायक निवास कोसम कुंडा में क्षेत्र के बहनों ने विधायक कविता एवं विधायक प्रतिनिधि को राखी बांधकर रक्षाबंधन का यह प्रेम आस्था और विश्वास का पर्व मनाया।

### मेगा पालक सम्मेलन पर पालकों ने दी उपस्थिति

**घरघोड़ा।** छतीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में समुदाय एवं विद्यालय के मध्य समन्वयता स्थापित करने एवं विद्यालय में शैक्षिक वातावरण को उत्कृष्ट बनाने के दृष्टिकोण से मेगा पालक बैठक पालकों छात्राओं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयों की उपस्थिति में संयुक्त बैठक शासकीय कन्या विद्यालय घरघोड़ा में आयोजित की गई। प्रथम पाली में माध्यमिक खंड की बैठक प्रधानपाठक अखिलेश मिश्रा के संयोजन में बैठक आहूत की गई जिसमें स्थानीय पालकों के साथ ओराईमुड़ा कोगनारा टेरम चूँकिमार भेंड्रा आदि समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से उत्साही पालकों ने अपनी उपस्थिति देते हुए विद्यालय की मेगा बैठक में अपने विचारों को रखा। बैठक में तुलसी पैंकरा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पार्षद राजकुमारी डनसेना, सुभाषिनी पटनायक एवं पालकों ने उपस्थित हो कर मुख्य सहभागिता निभाते हुए शाला प्रबंधन व्यवस्था, छात्राओं के शैक्षणिक व्यवस्था सुदृढ़ करने मासिक मूल्यांकन, साप्ताहिक मूल्यांकन, मध्यान्ह भोजन, मुस्कान पुस्तकालय सहित स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में संचालित कार्य योजना की जानकारी को साझा करते हुए संतोष जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक विजय पंडा ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी विद्यार्थियों के हितार्थ योजनाओं की जानकारी एवं स्कूली गतिविधियों की विन्दुवार जानकारी देते पालकों से अनुरोध किया गया की छात्राओं के स्वास्थ्यए स्वच्छता, पर्यावरण, घरेलू शिक्षा वातावरण को बेहतरीन बनाने पर विशेष ध्यान देकर सामूहिक कार्य किया जाना आवश्यक है। छात्राओं के हित शासन द्वारा आयोजित प्रयास परख आदि परीक्षा में छात्राओं की सफलता हेतु सामूहिक प्रयास किए जाने को लेकर कार्य विन्दु तैयार किए गए। न्यौता भोज में समुदाय की सहभागिता पर भी मंच पर उसकी जानकारी प्रदान की गई। जाति आय निवास प्रमाण पत्र छात्रवृति आदि कार्यों को लेकर पालकों को जानकारी प्रदान की।

## शहर के व्यस्ततम मार्गो से गुजरती हैं गाड़ियां, कार्रवाई से मचा हड़कंप

# नींद से जागी पुलिस : मालवाहकों में यात्री परिवहन पर तीन चालकों का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मालवाहक वाहनों में लोगों को ठूंस-ठूंस कर सफर करने का प्रचलन आज भी जारी है। ये वाहन बकायदा शहर के व्यस्ततम मार्गों से गुजरती हैं। देर से ही सही, लेकिन ट्रैफिक पुलिस नींद से जाग गई है। ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में टीम द्वारा मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन करने वाले तीन चालकों का चालान काटा गया है, जिससे अन्य चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

शनिवार की देर शाम जूटमिल और यातायात पुलिस ने यातायात नियमों की खुली अवहेलना करने वाले तीन मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई की है। अभियान के दौरान डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह ने एक मालवाहक पर खतरनाक तरीके से यात्री परिवहन होते देख मौके पर वाहन चालक का 5000 रुपए का ई-चालान काटा। इस तरह का परिवहन न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यात्रियों की जान को गंभीर खतरे में डालने वाला कृत्य है। वहीं जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत दो मालवाहक पिकअप में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और पुरुषों को खतरनाक तरीके से बैठाकर ले जाया जा रहा था। जूटमिल थाना प्रभारी ने तुरंत यातायात डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह को सूचना दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए यातायात डीएसपी ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत वाहन चालक के खिलाफ 5000-5000 रुपए का ई-चालान जारी किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मालवाहक वाहनों में सवारियों को ढोने की लापरवाही पर आगे भी इसी तरह कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।



### कार्यक्रमों में होता है मालवाहक वाहनों का ज्यादा उपयोग

ग्रामीण क्षेत्रों में शादी, दशकर्म, छट्टी, रैली, मंदिर दर्शन जैसे कार्यक्रमों के लिए ज्यादातर मालवाहकों का ही उपयोग किया जाता है। क्योंकि उन्हें कार और बसों की बुकिंग महंगी पड़ती है। निम्न व मध्यम परिवार के लोग बुकिंग नहीं करा पाते, इसलिए मजबूरन उन्हें मालवाहक वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन इससे लोगों की जान पर भी खतरा बना रहता है। मालवाहक वाहनों में कई बार तो भीड़ इतनी ज्यादा हो जाती है कि लोग ऐसे वाहनों में लटक कर सफर करते हैं।

### सिर्फ माल परिवहन की है छूट पर ढोते हैं सवारी

मालवाहक वाहनों में सिर्फ विभिन्न निर्माण सामग्री को ढोने की छूट दी जाती है, लेकिन इन वाहनों का उपयोग यात्री बस या कार की तरह किया जाता है। जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी घटना घटित हो सकती है। पूर्व में भी जिले में मालवाहक वाहनों में बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है।

## टाटा सूमो में आए अज्ञात आरोपी चुरा ले गए तीन गाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा सुमो गाड़ी में सवार अज्ञात आरोपियों ने तीन जर्सी गाय की चोरी कर ली। यह पूरा माजरा गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो हो गया। पीड़ितो ने उक्त मामले की शिकायत थाने में की है।

जानकारी के अनुसार कापू निवासी जगदीश कुर्रे ने घर के बाहर खूंटे से अपनी जर्सी गाय को बांधकर रखा था। सुबह गाय नहीं दिखने पर वह आसपास पतासाजी कर रहा था। इस दौरान गांव के ही पवन कुर्रे और गणेश मोरी ने भी उसे बताया कि उनकी भी जर्सी गाय की चोरी हो गई है। एक रात में गांव से तीन जर्सी गाय की चोरी हो जाने के बाद उन्होंने जब सतगुरू होटल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो पाया कि रात 1 बजकर 56 मिनट में एक सफेद रंग की टाटा सुमो पहुंचती है, जिसमें से तीन लोग उतरकर गाय को गाड़ी में डालकर बंधनपुर धरमजयगढ़ की तरफ भागते नजर आये हैं। जिसके बाद उन्होंने पूरे मामले की शिकायत कापू थाने में की है।

### लगातार सामने आ रही है चोरी की घटनाएं

गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी गांव में छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। साथ ही साथ पिछले दिनों एक भैंस की भी चोरी गांव से हो चुकी है। इस बार तीन गायों की चोरी से क्षेत्रवासी आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार वो चौक-चौराहों में पुलिस गश्त की मांग कर चुके हैं। ताकि गांव में हो रही अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## जिला भाजपा की कार्यकारिणी का किया गया गठन

### उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित कोषाध्यक्ष के पद पर हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने रायगढ़ जिले के नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रदेश महामंत्री पवन साय और जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान के अनुमोदन के बाद घोषित इस सूची में जिले के विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। घोषणा के साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई। वहीं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई गई।

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा रायगढ़ जिले के नए जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री पवन साय तथा रायगढ़ जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान के अनुमोदन उपरांत की गई है। घोषणा सूची के अनुसार जिला संगठन में अरूणधर दीवान को जिलाध्यक्ष, अरूण कातोरे उपाध्यक्ष, विलिस गुप्ता उपाध्यक्ष, नरेश पंडा उपाध्यक्ष, नीलम रंजू संजय उपाध्यक्ष, विनायक पटनायक उपाध्यक्ष, गोकुल यादव उपाध्यक्ष, विकास केड़िया महामंत्री, जतिन कुमार साव महामंत्री, पवन शर्मा मंत्री, पवन अग्रवाल मंत्री, स्नेहलता सिदार मंत्री, रीना भगत मंत्री, गायत्री केशरवानी मंत्री, कमला राठिया मंत्री, सनत नायक कोषाध्यक्ष, चंद्रप्रकाश बब्बल पांडेय, प्रवक्ता व दिबेश सोलंकी को कार्यालय मंत्री बनाया गया है।




### श्रावणीय रूद्राभिषेक में युवाओं की रही सहभागिता

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के बड़े तालाब स्थित महादेव मंदिर में बीते कुछ वर्षो से श्रावण माह के माहभर रूद्राभिशेक का आयोजन होता हुआ आ रहा है, जिसमें पुसौर ही नहीं आसपास के ग्राम के श्रद्धालु जन भी इसमें सहभागी होते हैं और अपनी पूजा अर्चना करते हैं। जानकारी के मुताबिक यह रूद्राभिषेक प्रतिदिन सुबह 7 बजे तक होता है और अंतिम दिन शनिवार की इसकी पुर्णाहुति लगभग 10 बजे हुई, जिसमें पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। वहीं नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, अपने युवा साथी नागेश राज पटेल, भोगेश राज पटेल, मोक्षराज पटेल, संजय महाणा, अभिशेक साव, राकेश यादव, उमांकांत साव, ओम कसेर, आयुश अग्रवाल, प्रणव साव, अमन गुप्ता, किशोर गुप्ता, शोभनाथ प्रधान, राजेश साव, प्रीयांशु महाणा, प्रिस महाणा आदि लोगों के साथ रूद्रभिषेक कार्यक्रम में यथासंभव हाथ बटाया और अपनी श्रद्धाभाव को अवगत कराया।

## विधायक कविता ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

**सरसीवा।** रक्षा बंधन के पावन अवसर पर बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे ने अपने मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकार का अद्भुत उदाहरण पेश किया। उन्होंने सरसीवा, भटगांव और बिलाईगढ़ थानों में पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और एक बहन का फर्ज निभाया।

इस पहल की खासियत यह रही कि विधायक ने उन पुलिसकर्मियों को याद किया, जो त्योहारों पर भी अपने परिवार से दूर रहकर जनता की सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने राखी बांधकर न केवल उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि समाज के हर रक्षक को हमारा स्नेह और सहयोग मिलना चाहिए। राखी बांधने के बाद विधायक लहरे ने पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की सराहना की। साथ ही, उन्होंने क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि समाज को इस बुराई से मुक्ति मिल सके। विधायक कविता प्राण लहरे का यह कदम पुलिस प्रशासन और जनता के बीच भरोसे और भाईचारे को मजबूत करने वाला साबित हुआ है। उन्होंने दिखाया कि एक जनप्रतिनिधि केवल नीतियां और योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में भी अग्रणी हो सकता है।



## बुनगा में नशा मुक्ति व स्वछता अभियान का आयोजन

**रायगढ़।** बुनगा के स्कूल पारा में छात्र-छात्राओं को लेकर नशा मुक्ति एवं स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें लोगों को नशा एवं स्वच्छता के बारे में जागरुक किया गया। नशा पान एक सामाजिक बुराई है इसे दूर करना अति आवश्यक है। आजकल दिनों दिन लोगों में नशा पान की प्रवृत्ति बढ़ते जा रही है, जोकि समाज के लिए गहरी चिंता का विषय है घर में कलह का एक कारण नशा ही है। हर व्यक्ति को स्वच्छता एवं नशापान के प्रति जागरूक होना परम आवश्यक है स्वच्छता एवं नशामुक्ति दोनों ही स्वास्थ्य के नजरिए से अति महत्वपूर्ण है, जिससे कि अपने घर परिवार एवं स्वस्थ्य समाज का निर्माण किया जा सके। उक्त रैली का आयोजन डॉ अजय नायक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में सरपंच बेद प्रकाश साव, भोज मालाकार फार्मासिस्ट, सुरेश सोनी शिक्षक, दुलामणी रजक योग प्रशिक्षक पंच एवं गणमान्य नागरिक सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।




## एसडीएम से पत्रकारों ने नगर की समस्याओं पर रखी बात



**घरघोड़ा।** हाल ही में पदभार संभालने वाले अनुविभागीय अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी से बबलू मोटवानी, रूपेंद्र गोयल, वरिष्ठ पत्रकार संदीप सिंह, अम्बिका सोनवानी और भुवन जयसवाल ने सौजन्य मुलाकात की। यह पहली औपचारिक मुलाकात नगरहित के मुद्दों को लेकर बेहद सार्थक साबित हुई। पत्रकारों ने एसडीएम को अवगत कराया कि नगर के प्रमुख विद्यालय शिशु मंदिर, प्रज्ञा विद्यालय पीठ, प्राथमिक शाला और आत्मानंद विद्यालय के बाहर विद्यालय समय में बाहरी युवकों द्वारा तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाना बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इस पर तत्काल बैरिकेटिंग कर स्पीड कंट्रोल लगाने की मांग रखी गई। एसडीएम दुर्गा प्रसाद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत फाइल में दर्ज कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि सुरक्षा व शिक्षा से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाएगा। नगरवासियों ने पत्रकारों की इस पहल और नए एसडीएम की तत्परता का स्वागत किया, उम्मीद जताई कि आने वाले समय में नगर की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

## ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में सुनयना ने सभी की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सरिया में शनिवार को रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था के स्थानीय प्रभारी सुनयना बहन ने सभी उपस्थित भाई बहनों को राखी बांधी। तथा रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन परमात्मा के साथ हमारे पवित्र बंधन का प्रतीक है।

इस बंधन से जीवन में पवित्रता आती है। उन्होंने बताया कि सभी आत्माएं परमात्मा की छत्रछाया में आकर सुरक्षित हो जाती है। हमारे वास्तविक रक्षक और संरक्षक परम शक्तिमान परमात्मा ही है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर भौतिक वस्तुओं का उपहार देना प्रतीकात्मक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बहनों की रक्षा करने का संकल्प लेना ही भाइयों का बहनों के प्रति सच्चा गिफ्ट है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था में आकर मैं भी राखी बंधवाया।

उन्होंने कहा कि यहां के प्रभारी सुनयना बहन ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। कमलेश ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व इस संसार में पवित्रता और मर्यादाओं के बंधन में बनने के लिए ईश्वरीय उपहार है। इससे मानवीय संबंधों की गरिमा स्थापित होती है। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नगर पंचायत सरिया के वरिष्ठ पार्षद मोती स्वर्णकार पार्षद रूप डनसेना, पार्षद राजू प्रधान, पार्षद आशुतोष स्वर्णकार, पार्षद तीर्थ सिदार, थाना प्रभारी प्रमोद यादव, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के भाई बहनों ने राखी बंधवाए।



### चौकी प्रभारी जोबी ने मेधावी छात्राओं, शिक्षकों और कोटवार को किया सम्मानित

# थाना कापू, चौकी जोबी में कोटवारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को थाना कापू व पुलिस चौकी जोबी में कोटवार मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें कोटवारों को उनके दायित्वों का उचित निवर्हन के संबंध में निर्देश दिया गया। चौकी जोबी में कोटवार मीटिंग के साथ ही एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर चौकी प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर ने क्षेत्र के मेधावी छात्राओं, शिक्षकों और कोटवार को उनके प्रेरणादायक कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चौकी प्रभारी ने कहा कि शिक्षा, सामाजिक सेवा और कानून-व्यवस्था में सहयोग करने वाले लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं और पुलिस ऐसे व्यक्तियों का उत्साहवर्धन करती है। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरकानारा की कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी ममता साहू तथा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नगोई की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी सोनिया पटेल को परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्राथमिक शाला टांडापारा के शिक्षक परमानंद उर्फ बबूलाल राठिया और प्राथमिक शाला गोरपार के शिक्षक जयसिंह राठिया को भी सम्मान प्रदान किया गया। ग्राम सुरक्षा और सूचना संप्रेषण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए ग्राम कोटवार छोटे पंडरमुडा के मंगलदास महंत को प्रशस्ति पत्र देकर सराहा गया।



### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

चौकी प्रभारी ने उपस्थित सभी को साइबर सुरक्षाए यातायात नियमों और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक रहने तथा अपने क्षेत्र में लोगों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। इससे पहलेए 9 अगस्त को थाना लैलूंगा में आयोजित ग्राम कोटवारों की बैठक में उन्हें नियमित रूप से थाना में उपस्थित होने तथा गांव में होने वाली घटनाओं और दुर्घटनाओं की त्वरित सूचना देने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस द्वारा इस प्रकार के सम्मान कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पहचान देना और अन्य लोगों को भी प्रेरित करना है।

## विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हुए शामिल

**कटेली।** जिले में विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पाण्डेय का पीली पगड़ी, बैज, माला और पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत किया गया। पाण्डेय ने विधिवत पूजन अर्चन किया और कार्यक्रम की सफलता तथा समाज की खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य रैली से हुई, जिसमें ढोल नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और आदिवासी संस्कृति की झलक ने माहौल को जीवंत कर दिया। रैली में बड़ी संख्या में आदिवासी भाई बहनों ने भाग लिया और अपनी संस्कृति एवं परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर संजय भूषण पांडे जिला पंचायत अध्यक्ष जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़, विनोद भारद्वाज सदस्य जिला पंचायत सारंगढ़, पर बीएस राउते, नागेश, अकबर राम कोर्राम, रामनाथ सिदार, नरोत्तम सिदार, नंदिता सिंह, सुभाष गोड, प्रशांत मांझी, विश्वनाथ, गोपाल बरीहा, मोहन सिंह, पद्मलोचन सिदार, दिलीप नेताम, रोहित निराला, रवि यादव एवं अन्य आदिवासी समाज के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### ब्रम्हाशंकर बने मालवीय मिशन के अध्यक्ष

**अंबिकापुर।** पं. मदन मोहन मालवीय मिशन की बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रम्हा शंकर सिंह सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र गुप्ता के निवास पर शुक्रवार को मिशन की बैठक हुई। विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करने के उपरान्त वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन का सर्वसम्मत चुनाव कराने का सुझाव दिया। चर्चा उपरान्त सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने ब्रम्हा शंकर सिंह को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ब्रम्हा शंकर सिंह 1967 में पीजी कॉलेज छात्रसंघ के अध्यक्ष, 1970 में पीजी कॉलेज बिलासपुर के छात्र संघ अध्यक्ष रहे तथा 25 वर्षों तक सम्भागीय शिक्षा समिति एवं शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से लेकर उप प्रांताध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। शासकीय सेवा से अवकाश ग्रहण करने के उपरान्त वे जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है।

### खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल पर दिया गया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय के निर्देशानुसार जिला कार्यालय सभाकक्ष में खनिज विभाग द्वारा खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरगुजा संभाग के सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बलरामपुर और जशपुर जिलों से आए खनि अधिकारी, खनि निरीक्षक, एफएमएस, खनि रियायतधारी एवं स्टॉकहोल्डर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पोर्टल के तकनीकी फीचर्स, उपयोग की प्रक्रिया, पारदर्शिता, इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस और हितग्राहियों को होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में खनिज ऑनलाइन 2.0 प्रोजेक्ट के प्रबंधक रूपरंजन ने बताया कि यह पोर्टल विभागीय कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश में खान एवं खनिज संसाधनों के समग्र प्रबंधन को सशक्त बनाएगा। पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाया गया है, जिससे हितग्राही सीधे लाभान्वित होंगे।

### आरक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा 14 को

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायीक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन हेतु संभावित परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी 5 अगस्त से 27 अगस्त 2025 तक व्यापम के पोर्टल में पंजीयन उपरांत सबमिट कर सकते हैं। लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने हेतु पात्र नहीं होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे से संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए व्यापम की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### डाक सेवा बंद होने से पड़ रहा बुरा असर

**प्रतापपुर।** भारतीय डाक विभाग की बड़ी लापरवाही जहां डिजिटल करने के नाम से 1 से 4 अगस्त तक सभी सेवाओं को बंद किया गया था लेकिन अब 9 अगस्त हो गया है लेकिन अभी तक भारतीय डाक विभाग द्वारा सेवा प्रारंभ नहीं किया गया जिससे सैकड़ो लोग प्रभावित हो रहे हैं। रोज दूर राज से ग्रामीण सहित व्यापारी, विद्यार्थी विभिन्न कार्यों जिनमें मुख्य रूप से पत्र, पार्सल, मनीऑर्डर, स्पीड पोस्ट और विभिन्न बचत योजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, डाक विभाग कई सरकारी योजनाओं कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा भी सेवाएं प्रदान किया जाता है लेकिन भारतीय डाक इस तरह अचानक इतने दिनों तक बंद करना कहीं ना कहीं डाक विभाग की बड़ी लापरवाही दिख रही है जिसका खामियाजा जरूरतमंद ग्रामीण को भुगतना पड़ रहा है।

## दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का लाभ पहुंचना सरकार का लक्ष्य: विष्णुदेव

# मुख्यमंत्री ने जिले में 3 नए ग्रामीण बैंक का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के समग्र विकास के एजेंडा में स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना के साथ-साथ बैंकिंग सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी है, ताकि ग्रामीण अंचलों के लोगों को वित्तीय सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैंप कार्यालय में जशपुर विकास खंड के ग्राम आरा, पत्थलगांव विकास खंड के ग्राम कुडेक़ेला और दूरस्थ और पाठ क्षेत्र बगीचा विकास खंड के ग्राम छिछली में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों की शाखा का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के 12 वें वार्षिक प्रतिवेदन का लोकार्पण भी किया।

- ग्राम आरा, कुडेक़ेला और छिछली में खुला ग्रामीण बैंक
- तीनों ग्राम पंचायतों के लगभग 44 हजार लोगों को मिलेगा लाभ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम आरा, कुडेक़ेला और छिछली के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को वर्चुअली संबोधित करते हुए रक्षाबंधन की बधाई दी और कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आज हमारे जशपुर जिले के तीन विकासखंडों में नागरिकों को 3 छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों की सौगात मिल रही है। तीनों बैंक खुलने से इसका लाभ 23 ग्राम पंचायतों सहित उनके 48 आश्रित ग्रामों के लगभग 44 हजार ग्रामीणों को मिलेगा। अब क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, आम नागरिकों को बैंक से संबंधित कार्यों के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे समय और पैसे की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य और जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बैंकिंग सुविधाएं मिले इसके लिए बैंकों से संपर्क कर नई शाखा खोलने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह खुशी की बात है कि जिले में 268 पंचायतों में शुरू की गई अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को उनके ग्राम में ही सुलभ वित्तीय सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक इन सुविधा केंद्रों के माध्यम से लगभग 15 करोड़ रुपए का लेनदेन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत दिवस को सभी पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू करने की योजना है। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान छिछली के सरपंच अनिमा मिंज, आरा सरपंच मनोज भगत और कुडेक़ेला सरपंच शशिकांता पैंकरा ने उनके क्षेत्र में ग्रामीण बैंक खोले जाने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि अब यहां पर सभी बैंकिंग सुविधाएं मिलेगी। ग्रामीणों को अब दूर जाना नहीं पड़ेगा।

ग्राम पंचायत आरा से वर्चुअली जुड़ी विधायक रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुल जाने से ग्रामीणों को बैंकिंग की सुविधा मिलेगी और उन्हें हितग्राहीमूलक और शासकीय योजनाओं का लाभ बैंक के माध्यम से आसानी से मिल सकेगा। ग्राम कुडेक़ेला से वर्चुअली जुड़ी विधायक गोमती साय ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर जिन्हें बैंकिंग की सुविधा नहीं मिल पा रही थी उसके लिए जनधन खाता खोले गए। इससे लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ने के साथ शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। 3 नए ग्रामीण बैंक खुलने से उस क्षेत्र का विकास होने के साथ ही बैंक से जुड़े शासकीय योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। ग्राम कुडेक़ेला से वर्चुअली जुड़े जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने भी अपने संबोधन में मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। 3 नए ग्रामीण बैंकों की शाखा खुलने से अब जिले में ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या 30 हो गई है। इस अवसर पर कैंप कार्यालय में माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, जिला पंचायत सदस्य वेद प्रकाश भगत, उपेन्द्र यादव, सुनील गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोड़ा, एलडीएम वाल्टर भेंगरा और तीनों ग्राम पंचायतों में वर्चुअली तौर पर जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री का पुलिस लाइन हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रक्षित पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचे। इस अवसर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, विधायक गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप, पूर्व पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष कृष्णा कुमार राय, प्रबल प्रताप उपस्थित थे।

## रक्षाबन्धन का त्यौहार उत्साह से मनाया गया



**पत्थलगांव।** पूरे क्षेत्र में भाई बहन के पवित्र रिश्ते का पारंपरिक त्यौहार रक्षाबन्धन खूब धूमधाम से मनाया गया बीते एक हफ़्तों से राखी का बाजार पूरी तरह से सजा रहा मिठाई की दुकानो में खूब भीड़ देखी गई भारतीय धर्म-संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

यह त्योहार भाई-बहन को गहन स्नेह की डोर में बाँधता है। इस दिन बहन अपने भाई के माथे पर टीका लगाकर आरती की थाल सजा कर दिया जलाकर आरती कर रक्षासूत्र या राखी का बन्धन बाँधती है, जिसे राखी कहते हैं। यह हिन्दू त्योहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन ही मनाया जाता है। श्रावण मास में मनाये जाने के कारण इसका महत्व और बढ़ जाता है। 9 तारीख रक्षाबन्धन के दिन ही श्रावण मास का अंतिम दिन भी होता है। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत से लेकर एक से एक रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चाँदी जैसी महँगी राखी भाई के कलाई पे बहन बांधती है। सभी बहने रक्षाबन्धन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की सुख शांति और उन्नति के लिए प्रार्थना करती हैं। सामान्यत बहनें ही भाइयों को राखी बाँधती हैं, परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी बड़ी सभी लड़किया आपस मे राखी बांधती है। काफी दूर में रह कर पढाई करने वाले या नोकरी करने वाले दोस्त आपस मे एक दूसरे को राखी बांध कर भाई बहन का फर्ज बखूबी निभाते है। सम्मानित सम्बन्धियों जैसे पुत्री द्वारा पिता को भी बाँधी जाती है। आपको बता दे सार्वजनिक रूप से किसी नेता या प्रतिष्ठत व्यक्ति या सरकारी विभागों में रहकर कार्य करने वाले भाई को स्थानीय संस्था स्कूल की बहने राखी बाँध कर उन्हें अपने बहन से दूर रहकर भी बहन के पास रहने का अहसास कराती है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले उपहार देते है। चाहे वो पैसा हो या कपड़े या फिर सोने चांदी के गहने सभी अपने सामर्थ्य से अपनी बहनों को उपहार देकर खुश रखते है।

### डिजिटल कार्यों, नवीन कानून और पुलिस ऐप्स की स्थिति की समीक्षा

## अपर मुख्य सचिव का जशपुर प्रवास सिटी कोतवाली का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



छत्तीसगढ़ शासन के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ रविवार को जशपुर प्रवास पर पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख थाना सिटी कोतवाली का निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली, डिजिटल कार्यों, नवीन कानूनों के क्रियान्वयन की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान श्री पिंगुआ सीधे थाने के डिजिटल रजिस्टर और क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम पोर्टल पर पहुंचे। उन्होंने वहां दर्ज एफआईआर, अन्य डेटा एंट्री, ई-साक्ष्य अपलोडिंग, और ई-समन तामिली की स्थिति को परखा। उन्होंने यह भी देखा कि डेटा कितनी तेजी और सटीकता से अपडेट हो रहा है, और अधिकारियों से इसके तकनीकी पहलुओं पर सवाल-जवाब किए। निरीक्षण के समय एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, डिप्टी कलेक्टर ओम द्विवेदी, एसडीएम ओंकार यादव, जेल अधीक्षक एस.एल. ठाकुर, और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।
ऐप उपलब्ध कराता है जानकारी
कर्मयोगी ऐप पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण, दिशानिर्देश और नई कार्यप्रणालियों की जानकारी उपलब्ध कराता है।आईगोट ऐप अधिकारियों और कर्मचारियों को नवीनतम कानून, नीतियों और सरकारी प्रक्रियाओं से अपडेट रखने का प्लेटफॉर्म है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन ऐप्स के अधिकतम इंस्टॉलेशन सुनिश्चित किए जाएं और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इनके विस्तृत प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि लोग आसानी से इनका लाभ उठा सकें।
कार्यप्रणाली पर जताया संतोष
निरीक्षण के बाद श्री पिंगुआ ने सिटी कोतवाली की कार्यप्रणाली को संतोषजनक और बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि थाने में उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग, रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित संधारण, और डिजिटल तकनीक का समयबद्ध उपयोग प्रशंसनीय है।

### पुलिस ऐप्स पर विशेष जोर

अपर मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा तैयार समाधान, कर्मयोगी, और आईगोट जैसे मोबाइल ऐप्स के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि ये ऐप्स आम जनता के लिए पुलिस सेवाओं को घर बैठे सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समाधान ऐप के जरिए कोई भी नागरिक अपनी एफआईआर की प्रगति रिपोर्ट देख सकता है, गुम इंसान और अज्ञात शवों की पहचान से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है, ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकता है, और किरायेदार सत्यापन करा सकता है।

## पहाड़ी कोरवा बहनों के साथ प्रबल ने मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



भाजपा के प्रदेश मंत्री और 'घर वापसी' अभियान के अखिल भारतीय प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने आज बेंजौरा गांव में रहने वाली पहाड़ी कोरवा बहनों के साथ राखी का त्योहार मनाया। इस अवसर पर कोरवा समुदाय की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से जूदेव को राखी बांधी और अपनी खुशी जाहिर की। जूदेव ने भी बहनों को साड़ी भेंट की।

**एक भाई के तौर पर हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा:** इस मौके पर जूदेव ने कहा, आज मुझे बहुत खुशी है कि मैं अपनी इन बहनों के बीच पहुंच सका। आप सभी मेरी सगी बहनों की तरह हैं और मैं वादा करता हूँ कि एक भाई के तौर पर मैं हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ा रहूंगा। यह आयोजन प्रबल प्रताप सिंह और स्थानीय आदिवासी समुदाय के बीच आत्मीय संबंधों और आपसी सम्मान को दर्शाता है।

## सालेकेरा में कृषि वैज्ञानिक कुजूर ने दिया जैविक खेती का प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत सालेकेरा, विकासखंड जशपुर में प्राकृतिक खेती मिशन योजना के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केवीके डूमरबहार के कृषि वैज्ञानिक प्रदीप कुजूर ने किसानों को जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक बनाने की तकनीक पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खेती की लागत कम कर टिकाऊ और प्राकृतिक पद्धति से उच्च गुणवत्ता का उत्पादन प्राप्त करना था। किसानों को रासायनिक खाद और कीटनाशक के स्थान पर कम लागत में स्वयं जैविक खाद एवं कीटनाशक तैयार करने के तरीकों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एसएडीओ जशपुर अजीत सोनवानी, क्षेत्र के आरएईओ राजेंद्र यादव, ग्राम पंचायत सालेकेरा के सरपंच आशीष भगत, उपसरपंच सहरू राम, कृषक मित्र उमेशनंद, कृषक सखी सुनीला एक्का सहित अन्य ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

## उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नारायणपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में शनिवार 9 अगस्त को उरांव समाज के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष, युवक-युवती और बच्चे अपनी पारंपरिक वेशभूषा में इकट्ठा हुए। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। यहां समाज के लोगों ने सांस्कृतिक रैली निकाली और सामूहिक नृत्य किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य शोभा देवी बंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि महान राम भगत शामिल थे।

### मांदर की थाप पर थिरके आदिवासी

आदिवासी समाज के महिला-पुरुष अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मांदर ढोल नगाड़ों, डीजे जैसे वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते रहे। इस वर्ष की विशेषता यह रही कि डीजे की धुन पर भी नृत्य किया गया।

### समाज के लोगों ने किया नगर भ्रमण

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए नारायणपुर ग्राम का भ्रमण किया। फिर वे पुनः स्कूल प्रांगण में सभा स्थल पर लौटे। यहां आदिवासी समाज में जागृति और संघर्ष की राह दिखाने वाले महापुरुषों का रीति-रिवाज के अनुसार पूजन किया गया और उन्हें पुष्प अर्पित किए गए।

### सभा में वक्ताओं ने रखे विचार

सभा में अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के योगदान को प्रमुखता आदिवासी समाज ने देश की आजादी और विकास में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने नई पीढ़ी को आदिवासी पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान के इतिहास से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में महान राम भगत, चरकु राम भगत, श्रीमती अर्बीका बागे छक्कन राम भगत। करमु प्रधान राजाराम मौजूद रहे।

### 87 मरीजों को फकीरी दवा का किया गया वितरण

## बाबा भगवान राम ट्रस्ट में निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सर्वेश्वरी समूह वामदेव नगर गम्हरिया, जशपुर में आयोजित निःशुल्क मिर्गी की फकीरी दवाई के वितरण शिविर में कुल 87 मरीजों को संस्था द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवाई का वितरण किया गया। अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया, जशपुर में 10 अगस्त रविवार को बाबा भगवान राम ट्रस्ट, जशपुर द्वारा आयोजित निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 87 मरीजों को संस्था द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में 8 बच्चे भी थे।

शिविर का शुभारम्भ प्रातः 4.30 बजे परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम एवं पूज्यपाद गुरुपद संभव राम के चित्र पर विधिवत पूजन-आरती उपरान्त प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है इसलिए अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। प्रातः पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह एवं उनके सहयोगी धर्मेन्द्र सिंह को आमंत्रित किया गया था। शिविर में रांची, लोहरदगा, घाघरा, गुमला, सिमडेगा देवघर बेतिया, रायपुर, बिलासपुर, अम्बिकापुर, बलरामपुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा, कुसमी पत्थलगांव, कांसाबेल, फरसाबहार, जशपुर, सीधी आदि क्षेत्रों से मरीज उपस्थित थे। दवा वितरण पश्चात वैद्य रंजीत सिंह द्वारा औषधि सेवनकाल में किए जाने वाले परहेज एवं सावधानियों को विस्तार से बताया गया। अगला शिविर पुनः तीन माह के बाद 9 नवम्बर को इसी अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया आश्रम में आयोजित किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में पीके श्रीवास्तव, संतोष कुमार मिश्र, धन्नजय सिंह विद्या सागर उपाध्याय, शाश्तवत पाण्डेय, सत्येन्द्र सिंह, अखिलेश यादव, वेद तिवारी, शिवम अक्षय सिंह का सहयोग रहा।

## अजबनगर राशन दुकान से राशन सामानों की चोरी

**बिश्रामपुर।** ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरों ने बीती रात दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए के राशन सामान की चोरी कर ली है।यह एक सुनियोजित वारदात लग रही है, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में बीती रात करीब पौने तीन एक अज्ञात बाइक सवार द्वारा रेकी करते हुए अपने पीछे पिकअप वाहन को साथ लेकर पहुंचा और दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे करीब 27 क्विंटल चावल, एक क्विंटल शक्कर,और चना ले उड़े। यह खाद्यान्न न सिर्फ 16 एपीएल परिवारों के लिए था।




# 'परम सुंदरी' का गाना 'भीगी साड़ी' जारी, 29 को होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा पिछले काफी समय से फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार जलोटा ने संभाली है, वहीं इसका निर्माण दिनेश विजान कर रहे हैं। अब 'परम सुंदरी' का नया गाना 'भीगी साड़ी' रिलीज हो गया है, जिसे श्रेया घोषाल और अदनान सामी ने मिलकर गाया है। 'भीगी साड़ी' में सिद्धार्थ और जाह्नवी की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। दोनों जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



## लाइफ Style

# रुक्मिणी

## 'कांताराः चैप्टर 1' की दिखी पहली झलक


एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर अभिनेता, फिल्म निर्माता और निर्देशक ऋषभ शेट्टी पिछले काफी समय से फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म साल 2022 में आई कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है, जिसका दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब 'कांताराः चैप्टर 1' से रुक्मिणी वसंत की पहली झलक सामने आ गई है,जिसमें वह पारंपरिक लुक में नजर आ रही हैं। कनकवती के रूप में रुक्मिणी खूब जंच रही हैं।

रुक्मिणी दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह मुख्य रूप से कन्नड़, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। 28 वर्षीय रुक्मिणी ने अपने करियर की शुरुआत साल 2019 में आई कन्नड़ फिल्म 'बीरबल त्रयी' के जरिए की थी। उन्होंने 'भैरथी रनागल', 'बघीरा', 'बाणदरियाल्ली', 'ऐस' और 'अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो' जैसी फिल्मों में भी काम किया है। आने वाले समय में रुक्मिणी 'कांताराः चैप्टर 1', 'मधरासी' और 'एनटीआर31' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। 'कांताराः चैप्टर 1' को 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ऋषभ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। ऋषभ एक बार फिर सिनेमाघरों में जोरदार दहाड़ लगाने वाले हैं।

'कांतारा: चैप्टर 1' को 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान ऋषभ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। ऋषभ एक बार फिर सिनेमाघरों में जोरदार दहाड़ लगाने वाले हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# फिल्म महोत्सव में चलेगा शोले का जादू

**लॉस एंजिल्स।** कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनकी लोकप्रियता पीढ़ी दर पीढ़ी कायम रहती हैं। वैसी ही फिल्म है 'शोले', जो गुजरते समय के साथ हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में शुमार हो गई। यह फिल्म हमेशा सिने प्रेमियों की यादों में जिंदा रहेगी। फिल्म का जिक्र इसलिए कि इसकी रिलीज के 50 साल पूरे होने पर इसकी स्क्रीनिंग प्रतिष्ठित टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में की जाएगी। यह स्पेशल स्क्रीनिंग 6 सितंबर, 2025 को 1,800 सीटों वाले रॉय थॉमसन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम में होगी।'



# एक्टर टॉम बॉलीवुड में करना चाहते हैं काम

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' भारत में रिलीज हो गई है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इवेंट में टॉम क्रूज ने इंडियन फैंस को खास तोहफा देते हुए खुलासा किया कि उन्हें हिंदी सिनेमा से गहरा लगाव है और वह एक हिंदी फिल्म में काम करना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत एक अद्भुत देश है, यहां के लोग और संस्कृति शानदार हैं। मुझे भारत से बहुत प्यार है। मेरा भारत का अनुभव मेरी यादों में बस गया है। जब मैं वहां पहुंचा, ताजमहल देखने गया और मुंबई में भी समय बिताया, मुझे हर पल बहुत अच्छी तरह याद है। इंटरनेशनल क्रश ने आगे कहा, मैं भारत में जाकर वहां पर फिल्म बनाना पसंद करूंगा। मुझे बॉलीवुड फिल्में बहुत पसंद हैं।



# 'जटाधारा' में सामने आया रौद्र रूप...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछली बार फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आई थीं, जिसे समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में सोनाक्षी कई बड़ी फिल्मों में अभिनय करती दिखेंगी। इन्हीं में से एक है 'जटाधारा'। इस फिल्म के जरिए सोनाक्षी तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। अब निर्माताओं ने 'जटाधारा' का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें सोनाक्षी का रौद्र रूप दिख रहा है। सुधीर और सोनाक्षी दिखे आमने-सामने टीजर में सोनाक्षी आकर्षक और गंभीर अवतार में दिख रही हैं। गहने, गहरे काजल से सजी आंखें, लाल बिंदी और माथे पर तिलक उन्हें एक उग्र रूप दे रहा है। 'जटाधारा' में सोनाक्षी का एक अलग ही अवतार देखने को मिलेगा।



# 'द पैराडाइज' में दिखा धांसू अवतार...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता नानी काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान श्रीकांत ओडेला ने संभाली है। फिल्म 'दशहरा' के बाद यह श्रीकांत और नानी के बीच दूसरा सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुधाकर चेरुकुरी इस फिल्म के निर्माता हैं। अब आखिरकार 'द पैराडाइज' से नानी की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमे उनका धांसू अवतार दिख रहा है। नानी पहले पोस्टर में जदल के रूप में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। 'द पैराडाइज' एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषा में रिलीज किया जाएगा।

## टीवी मसाला

# 'बिग बॉस 19' में आएंगी नजर 'अनुपमा' में बनीं थीं किंजल

**मुंबई।** निधि शाह छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने टीवी शो 'अनुपमा' में किंजल का किरदार निभाया था, जिससे उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ। इस वक्त वह टीवी से दूर अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। अब खबर आ रही है कि निधि सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन में नजर आ सकती हैं, जिसकी मेजबानी सलमान खान करने वाले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, निधि शो 'बिग बॉस 19' में नजर आ सकती हैं। निर्माताओं ने अभिनेत्री से संपर्क किया है। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो निधि शो में दिखेंगी। अभिनेत्री इस शो में रुचि को दिखा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। शैलेश लोढ़ा, गुरुचरण सिंह, रैपर रफ्तार और जेनिफर मिस्त्री को भी शो के लिए संपर्क किया गया है। 'बिग बॉस 19' को आप 24 अगस्त से जियो हॉटस्टार और कलर्स पर देख पाएंगे। चर्चा है कि इस बार शो में यूएई की हिजाबी डॉल हबूबू की भी एंट्री होगी। प्रतियोगियों की सूची में लता सभरवाल से लेकर आशीष विद्यार्थी, गौतमी कपूर, धीरज धूपर, अलीशा पंवार, मुनमुन दत्ता, अनीता हसनंदानी, कृष्णा श्रॉफ, कनिका मान, राज कुंद्रा, डेजी शाह, अर्शिफा खान, तनुश्री दत्ता, शरद मल्होत्रा, ममता कुलकर्णी, पारस कलनावत और मिकी मेकओवर का नाम शामिल है।



# 'पति, पत्नी और वो 2' में आयुष्मान के साथ नजर आएंगी 3 अभिनेत्रियां



**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया था। आने वाले समय में आयुष्मान एक से बढ़कर एक फिल्मों में अभिनय करते नजर आएंगे। इन्हीं में से एक 'पति, पत्नी और वो 2' है, जिसके निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

***सामने आई ये दिलचस्प जानकारी :*** पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'पति, पत्नी और वो 2' में आयुष्मान के साथ एक नहीं, बल्कि 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। सारा अली खान और वामिका गब्बी पहले ही इस फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। अब 'पति, पत्नी और वो 2' में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह की एंट्री हो गई है। जहां 'पति, पत्नी और वो' में 2 अभिनेत्रियों ने मुख्य भूमिका निभाई थी, वहीं इसके सीक्वल में 3 अभिनेत्रियां दिखाई देंगी।

### सितंबर में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 'पति, पत्नी और वो 2' की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की कहानी लिखकर तैयार है। यह एक बेहतरीन सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें कई कलाकार नजर आएंगे। अन्य किरदारों के लिए कास्टिंग अभी चल रही है। मुदस्सर अजीज ने फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।

# सुनीता आहूजा हो गई थीं 8वीं में फेल बोलीं- गोविंदा के साथ चक्कर चल रहा था

***मुंबई।*** *गोविंदा भले ही अपनी पेशेवर या निजी जिंदगी पर कम बात करते हों, लेकिन उनकी पत्नी सुनीता आहूजा सुर्खियों में रहने का कोई मौका नहीं छोड़तीं। हाल ही में उन्होंने अपने स्कूल के दिनों पर बात की। सुनीता ने बताया कि जब वह 8वीं में फेल हो गई थीं तो उनकी मां ने गर्म तवे से उनका मुंह जला दिया था, क्योंकि उन्होंने झूठ बोला था। सुनीता ने ये भी बताया कि तब वह गोविंदा के साथ रिलेशनशिप में थीं।*

***मां ने दी थी झूठ बोलने की ऐसी सजा :*** *मीडिया से हालिया बातचीत के दौरान सुनीता ने कहा, मैं आठवीं क्लास में थी और फेल हो गई थी। मैंने अपनी मां को इसके बारे में नहीं बताया था और तब तक मैं गोविंदा के साथ रिश्ते में आ चुकी थी। मैंने अपनी मां से झूठ बोला कि मैं पास हो गई हूं। बस फिर क्या, मेरी मां ने तवा गरम किया और उसे मेरे गालों पर लगा दिया। मेरी मां बड़ी सख्त थीं। उन्हें झूठ से नफरत थी।*

### किताब खोलते ही सुनीता को आने लगती थी नींद

सुनीता बोलीं, मेरी मां पढ़ाई पर बड़ा जोर देती थी। वो चाहती थी कि मैं पढ़ूं और मैं थी बिल्कुल विपरीत। मेरा पढ़ाई में कतई मन नहीं लगता था या कहें मुझे पढ़ाई से बड़ी नफरत थी। किताबें खोलते ही मुझे नींद के झोंके आने लगते थे। सुनीता ने बताया, एक बार मेरी बड़ी बहन मुझे पढ़ाई के लिए मजबूर कर रही थी, उसकी जिद से मुझे गुस्सा आ गया। मैंने एक ब्लेड ली और उससे उसकी जांघ काट दी थी।



### पैसों की वजह से सुनीता को पसंद थी गणित

सुनीता ने बताया कि उन्हें केवल गणित पसंद थी, क्योंकि उन्हें पैसों से प्यार था। सुनीता ने गोविंदा से साल 1987 में शादी की थी। उन्होंने 1 साल तक अपनी शादी की बात दुनिया से छिपाई। अपनी बेटी टीना के जन्म के बाद ही इसकी घोषणा की। सुनीता के पिता इस शादी के सख्त खिलाफ थे और वह अपनी बेटी के इस खास दिन में शामिल भी नहीं हुए थे। टीना के जन्म के समय सुनीत 19 साल की थीं।

**सुनीता को कैसे मिले थे गोविंदा? :** गोविंदा अपने मामा के साथ रहते थे और सुनीता अक्सर अपनी बहन और जीजा (जो गोविंदा के मामा थे) के घर आती-जाती थीं। तकरार से शुरू हुई कहानी धीरे-धीरे प्यार में बदली और फिर 18 की होते ही सुनीता आहूजा ने गोविंदा से शादी कर ली। गोविंदा ने उस समय अपना करियर शुरू ही किया था। उनकी लोकप्रियता को नुकसान ना पहुंचे, इसके लिए सुनीता और अपनी शादी की बात को 1 साल तक सबसे छिपाकर रखा था।

# आमिर खान के साथ सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बनाएंगे लोकेश कनगराज

**मुंबई।** आमिर खान पिछली बार फिल्म 'सितारे जमीन पर' में दिखे थे। इस फिल्म ने न सिर्फ बढ़िया कमाई की, बल्कि आमिर ने भी अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया। अब आमिर की आने वाली फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। एक ओर लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' में आमिर का कैमियो काफी चर्चा में हैं, वहीं लोकेश ने खुद आमिर के साथ एक अलग से बड़ी फिल्म बनाने का ऐलान कर दिया है लोकेश कनगराज ने हालिया बातचीत में स्वीकार किया कि आमिर के साथ फिल्म करने का मौका उन्हें 'कुली' में काम करने के बाद मिला। वह बोले, मैं हमेशा से आमिर के काम के प्रशंसक रहा हूं और अभिनेता को भी उनके साथ काम करने में मजा आया। जैसे-जैसे हमारे बीच अच्छा तालमेल हुआ, उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या हम साथ में कोई एक्शन फिल्म कर सकते हैं? उन्होंने काफी समय से कोई एक्शन फिल्म नहीं की है। लोकेश ने कहा, आमिर को कुली के एक्शन बहुत पसंद आए। मेरा सिनेमा स्कूल अलग है और उनका अलग। हालांकि, जब हम साथ आए तो उन्हें बहुत अच्छा लगा।



## कुछ हिस्सा बनने खुशी-खुशी मंजूरी दे चुके तो कुछ ने शो ठुकराने में देर नहीं लगाई

# 'बिग बॉस 19' ठुकरा चुके ये कलाकार, एक बोला- 20 करोड़ देंगे तो भी नहीं जाऊंगा

***मुंबई।*** *एक ओर जहां कुछ सितारे 'बिग बॉस' में जाने का सपना देखते हैं तो वहीं, कुछ ऐसे कलाकार भी हैं, जिन्हें नंबर 1 शो से कोई लेना-देना नहीं है। 'बिग बॉस 19' से अब तक कई सितारों का नाम जुड़ चुका है। कुछ इसका हिस्सा बनने के लिए खुशी-खुशी मंजूरी दे चुके तो कुछ ने करोड़ों रुपये ऑफर होने के बाद भी शो ठुकराने में देर नहीं लगाई। आइए जानें किन सितारों ने दिखाया 'बिग बॉस 19' को ठेंगा।*



### दिव्यांका त्रिपाठी और राम कपूर

खबरें थीं कि 'बिग बॉस' के निर्माता 'ये हैं मोहब्बतें' की इशिता भल्ला यानी लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी को शो में लाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, दिव्यांका ने कहा, फर्जी, ऐसी अफवाहें वो हर साल फैलाते हैं। उधर राम कपूर को भी शो का प्रस्ताव मिला था, जिस पर वह बोले थे, मैं कभी 'बिग बॉस' में नहीं जाऊंगा, भले ही वो मुझे 20 करोड़ रुपये दें क्योंकि इस तरह का शो मेरे लिए नहीं है।

### मल्लिका शेरावत और डेजी शाह

खबरें थीं कि अभिनेत्री मल्लिका शेरावत इस साल शो का हिस्सा बनेंगी। हालांकि अभिनेत्री ने खुद इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'मैं सारी अफवाहों पर विराम लगा रही हूं। मैं 'बिग बॉस' में नहीं जा रही हूं और ना कभी जाऊंगी।' दूसरी ओर अभिनेत्री डेजी शाह ने भी शो का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया था कि वह ना ये शो कर रही हैं और ना कभी करेंगी।



### जन्नत जुबैर और एलनाज नोरौजी

अभिनेत्री जन्नत जुबैर 'बिग बॉस 19' को ठेंगा दिखा चुकी हैं। उन्होंने कहा था, मैं उस तरह की इंसान नहीं, जो बगैर किसी कारण शो में रहने के लिए चिल्लाऊं और झगड़ा करूं। उधर 'द ट्रेटर्स' और आगामी फिल्म 'मस्ती 4' से सुर्खियों में बनी हुई अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने प्रस्ताव इसलिए ठुकराया, क्योंकि वो सिर्फ लाइमलाइट नहीं, बल्कि लंबा और दमदार करियर बनाना चाहती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें इसके लिए 6 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया गया था।



### अनीता हसनंदानी और जरीन खान



अभिनेत्री अनीता हसनंदानी को भी 'बिग बॉस 19' का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसका हिस्सा बनने से साफ इनकार कर दिया। अनीता बोलीं, ये शो मेरे जैसे व्यक्तित्व वालों के लिए नहीं बना है। मैं इसमें शामिल नहीं हो सकती। उधर जरीन खान ने ये कहकर शो ठुकरा दिया कि वह न तो 3 महीने अपने घर से दूर रह सकती हैं और ना ही दुर्व्यवहार बर्दाश्त कर सकती हैं। वो यहां गईं तो उनका हाथ उठ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर

**कोरबा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को उल्लास के साथ जिले में भी मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के बाजारों में आकर्षक झूले, परिधान व श्रृंगार सामग्री वृंदावन, मथुरा, जयपुर से मंगाई गई हैं। जगह-जगह दही हांडी फोड़ी जाएगी। मंदिरों से लेकर बाजार तक, भजन-कीर्तन से लेकर श्रृंगार सामग्री की खरीद तक, हर ओर कृष्णमय माहौल बनने लगा है। आकर्षित झांकियों, दही-हांडी प्रतियोगिताओं और श्रृंगारित मंदिरों के साथ पूरे शहर में जन्मोत्सव का रंग छाया रहेगा। शहर के बाजारों में भगवान श्रीकृष्ण के श्रृंगार के लिए विशेष सामग्रियों की खरीदारी शुरू हो गई है। श्रद्धालु बाल गोपाल के लिए परिधान, झूले, पालने, बांसुरी, मुकुट, माला, चूड़ी, तिलक, कुंडल और कंगन आदि की पूछ परख कर रहे हैं। दुकानों में इन दिनों भक्त बांके बिहारी के लिए परिधान, मुकुट, माला, बांसुरी, पालना और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार जरदोजी और एंब्रॉयडरी वर्क से सजे हुए परिधानों की विशेष मांग है। शहर में हमेशा की तरह इस बार भी जगह -जगह पर दही-हांडी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही हांडी में नकद पुरस्कार, उपहार और प्रसाद रखा जाएगा।

### डीएसपीएम में एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक पेड़ मान के नाम थीम के तहत पौधरोपण अभियान के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के भण्डार संभाग में 85 पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वीके सेन चौधरी अतिरिक्त मुख्य अभियंता भण्डार एवं क्रय के उपस्थिति में अलग अलग प्रकार के 85 पेड़ पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर भण्डार संभाग के अधीक्षण अभियंता एएस मरावी के साथ सहायक अभियंता श्रीमती रितिका मिश्रा एवं श्रीमती भावना जैनेन्द्र, एवं स्टाफ सीएस साहू, एसपी सिदार, अशोक कुमार, सतीश वर्मा, मानसिंह गोंड, श्रीमती मंजू चिंजवानी, पंकज, रामनारायण विजेंद्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

### कैरियर काउंसिलिंग व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेल्हाडीह-जेठा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवसरा में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर कैरियर काउंसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कैरियर के संदर्भ में अवगत कराते हुए सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ संस्कृति से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई एवं पुरस्कार प्राप्त किए। स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए अंकुरित अनाजों की उपयोगिता को बताते हुए विद्यार्थियों को स्वल्पाहार के रूप में इसका वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शोलेष कुमार राठौर ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे।

### यातायात व्यवस्थित करने मानिकपुर सब एरिया मैनेजर को ज्ञापन

**कोरबा।** जिला चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा कोरबा चांपा मुख्य मार्ग में आपकी संस्था के द्वारा मानिकपुर ओवर बर्डन डंपिंग यार्ड में फ्लाई ऐश फीलिंग की जा रही है जिसके लिए भारी मात्रा में हाईवा के माध्यम से राख परिवहन हो रही है। गौ माता चौक कोरबा से लेकर भिलाई खुर्द तक राख परिवहन में लगी हाईवा मुख्य मार्ग में अवस्थित रूप से खड़ी रहती है है जिससे हमेशा मुख्य मार्ग अवरुद्ध रहता है। पानी निकासी की व्यवस्था बंद हो जाने के कारण मार्ग मैं पानी भरा रहता है जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं मार्ग पूर्ण रूप से टूट चुका है साथ ही साथ मार्ग में कीचड़ मिट्टी व राख बिखरे होने की वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है जिससे हम व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस पर तत्काल जवाबदेही तय कर मार्ग को व्यवस्थित करवाते हुए मरम्मत कार्य करवाए और यह भी सुनिश्चित हो की प्रतिदिन उक्त मार्ग में साफ सफाई व पानी का छिड़काव हो। संस्था ने चेतावनी दी है कि जल्द ही इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो मजबूरन में जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स को एंड इंडस्ट्रीज विरोध प्रदर्शन करेगी।

### किसान संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त राशि अंतरण के अवसर पर आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत आयोजित किसान संगोष्ठी में इफको कंपनी इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड के द्वारा अपने रासायनिक उर्वरकों, नैनो यूरिया, डीएपी एवं अन्य तरल उत्पाद की उपयोगिता प्रयोग विधि एवं उसके गुणवत्ता लाभ के बारे में उपस्थित किसानों को इफको कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन तिवारी के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## संयुक्त श्रमिक संगठन ने कोल इंडिया से बैठक बुलाने की रखी मांग

# कोल कर्मियों को इस बार एक लाख से अधिक बोनस की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उद्योग में अब त्योहारी बोनस को लेकर कोयला कर्मचारियों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। कोल इंडिया में अगले माह के आखिर तक इस मुदद़े पर प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा होनी है। बोनस डिसाइड करने के लिए 23 सितंबर को बैठक हो सकती है। इस बार कोयला कर्मचारी पिछले वर्ष की तुलना में एक लाख से ज्यादा बोनस मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। श्रमिक संगठन भी एक लाख से अधिक बोनस की मांग करने की बात कह रहे हैं।

**खास बात**

- बीते वर्ष कोल कर्मियों को 93 हजार 700 रुपए मिली थी बोनस की राशि

कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से कोयला कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा-दशहरा के अवसर पर परफार्मेंश लिंक रिवार्ड (पीएलआर) के रूप में बोनस राशि का भुगतान किया जाता है। जेबीसीसीआई की स्टेंडराइजेशन कमेटी में शामिल प्रबंधन व यूनियनों के प्रतिनिधि इसको लेकर फैसला करते हैं । गत वित्तीय वर्ष में कोल इंडिया मुनाफे में रही है। इसे देखते हुए श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधी भी अब बीते वर्ष की तुलना में कोयला कर्मचारियों को ज्यादा बोनस दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कर रहे है। कुछ दिनों पहले कोरबा दौरे पर पहुंचे बीएमएस के राष्ट्रीय कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने भी कहा था कि वे इस बारे कोयला कर्मचारियों को बीते वर्ष की अपेक्षा ज्यादा बोनस दिला सकें, कोल कर्मियों को एक लाख से अधिक की बोनस राशि प्राप्त हो इसके लिए कोशिश की जा रही है। 22 सितंबर से दुर्गापूजा उत्सव प्रारंभ होगा। इस बीच 23 सितंबर को दिल्ली में स्टेण्डराइजेशन कमेटी की बैठक होने की चर्चा है, जिसमें बोनस पर फैसला किया जाएगा। एसईसीएल सहित कोल इंडिया के अन्य सहायक कंपनियों में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारियों को बीते वर्ष परफामेंश लिंक रिवार्ड के रूप में 93 हजार 700 रूपए बोनस प्रदान किया गया था। ऐसे में कर्मचारी उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार बोनस की राशि एक लाख से ज्यादा होनी चाहिए। यही वजह है कि श्रमिक संगठन प्रबंधन से जल्द बैठक की तिथि निर्धारित करने की मांग कर रहे हैं।



फाइल फोटो

### कोल इंडिया में दो लाख 20 हजार कर्मचारी

कोल इंडिया के अलावा इसके सहायक कंपनियों एसईसीएल, इसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, डब्लूसीएल, एमसीएल, एनसीएल, एनईसी व सीएमपीडीआई को मिलाकर लगभग 2 लाख 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी है। बोनस को लेकर कोयला कंपनियों में कर्मचारियों के बीच जहां चर्चा शुरू हो गई है। वहीं श्रमिक संगठन भी बोनस बढ़ोत्तरी को लेकर रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। श्रमिक संगठनों द्वारा बीते वित्तीय वर्ष कोल इंडिया को प्राप्त लाभांश को लेकर बोनस निर्धारण की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं।

### कोल कर्मियों के बोनस वितरण पर एक नजर

| वर्ष | बोनस राशि (रुपये में) |
|---|---|
| 2015 | 48,500 |
| 2016 | 54,000 |
| 2017 | 57,000 |
| 2018 | 60,500 |
| 2019 | 64,700 |
| 2020 | 68,500 |
| 2021 | 72,500 |
| 2022 | 76,500 |
| 2023 | 85,000 |
| 2024 | 93,750 |

## बिजली चोरी पर 5 लाख 88 हजार रुपए का लगा जुर्माना


इस तरह खम्भे से की गई थी हुकिंग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल से सेवानिवृत्त कर्मचारी संतोष राठौर पर बिजली चोरी करने पर जुर्माना लगाया गया है। विशेष न्यायालय ने उन पर 5 लाख 88 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह पूरा मामला 2022 का है। विद्युत वितरण विभाग की सतर्कता टीम ने बेलटिकरी बसाहट दीपका निवासी संतोष राठौर के खिलाफ कार्रवाई की थी। जांच में पाया गया कि राठौर मकान निर्माण के दौरान और उसके बाद भी सीधे विद्युत पोल से बिजली का अवैध इस्तेमाल कर रहे थे। अधिवक्ता राजेश कुमार कुर्रे के अनुसार, संतोष राठौर ने पहले ही करीब साढ़े 4 लाख रुपए पेनाल्टी जमा की थी। इसके बावजूद वे अवैध तरीके से बिजली का इस्तेमाल करते रहे। मामले की सुनवाई 3 साल तक विशेष न्यायालय में चलती रही। कोर्ट ने दोषसिद्ध होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी को 5 लाख 88 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह राशि निर्धारित अवधि में जमा करनी होगी। अगर वे समय पर अर्थदंड जमा नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। विद्युत वितरण विभाग ने लोगों से अपील की है कि बिजली चोरी न करें और नियमानुसार मीटर लगवाकर कनेक्शन लें। विभाग की टीम आगे भी ऐसे मामलों पर नजर रखेगी और कड़ी कार्रवाई करेगी।

**खास बात**

- सेवानिवृत्त कर्मचारी पोल से लिया था कनेक्शन, 3 साल चली कोट में सुनवाई

## मरवाही से आ धमके दंतैल हाथियों ने बरदापखना में ढाया कहर


हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त मकान।

**खास बात**

- केंदई, पसान, एतमानगर और जटगा रेंज में 80 की संख्या में विचरण कर रहे हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। शुक्रवार की रात जीपीएम जिले के मरवाही वन परिक्षेत्र से अचानक आ धमके दो दंतैल हाथियों ने रेज के बरदापखना गांव में भारी कहर ढाया। इस दौरान दंतैल हाथियों ने गजराज सिंह एवं सिकंदर नामक दो ग्रामीणों के घरों को ढहा दिया। वहीं एक बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे मक्के तथा केले के फसल को तहस-नहस कर दिया, जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के डर से ग्रामीण रतजगा करते रहे। सुबह होने पर वन विभाग को सूचित किया, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं।

वन अधिकारियों के मुताबिक आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इससे पहले भी इन दंतैल हाथियों ने यहां पहुंचकर काफी उत्पात मचाया था, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल था। गांव वाले हाथियों के उत्पात से बेहद परेशान हैं और डर के मारे खेतों में जाना भी बंद कर दिया है। जिससे खेती का काम पिछड़ रहा है। याद रहे कटघोरा वनमंडल के केंदई, पसान, एतमानगर और जटगा रेंज में 80 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं। हाथियों ने क्षेत्र को अपना बसेरा बना लिया है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में मौजूद 22 हाथियों का झुंड शुक्रवार की रात कलगामार से कुदमुरा का रूख कर लिया है। हाथियों को शनिवार की सुबह जंगल के कक्ष क्रमांक 1140 में देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं।

### एसईसीएल में 49वीं त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल में शुक्रवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय, पश्चिमी अंचल नागपुर एवं उसके रायगढ़ क्षेत्र, बिलासपुर क्षेत्र-1 एवं क्षेत्र-2 तथा उत्तरी अंचल गाजियाबाद एवं उसके जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 49वीं त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन की अध्यक्षता में किया गया। छह घंटे से अधिक चली इस मैराथन बैठक में खान सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आंकड़ों और कंपनी के सुरक्षा प्रयासों पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत चर्चा की गई। कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के अनुपालन, नवीनतम सुरक्षा तकनीकों और डिजिटाइजेशन के उपयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसईसीएल प्रबंधन ने कहा कि खान सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा प्रणाली को और दुरुस्त बनाने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं वैज्ञानिक अध्ययन के अनुशंसाओं के अनुरूप कार्य प्रणाली लागू करने, सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा प्रशिक्षण व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए विस्तृत एक्शन प्लान तैयार किए गए।

## महिलाओं से मंगलसूत्र लूटने वाले आरोपी और सोनार गिरफ्तार, 13 लॉकेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र में लगातार तीन महिलाओं से मंगलसूत्र लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी और उसके द्वारा लूटे गए सामान को खरीदने वाले एक सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटे गए सामान और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त को हरदीबाजार के ग्राम उतरदा में एक जनरल स्टोर संचालक की पत्नी कुंजमति पटेल के गले से मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने सिगरेट लेने के बहाने मंगलसूत्र छीन लिया। इसके अगले ही दिन 6 अगस्त को ग्राम बोईदा में एक और जनरल स्टोर संचालक की पत्नी जयकुंवर के साथ भी इसी तरह की वारदात हुई, जहां बदमाश इलेक्ट्रिक बल्ब खरीदने के बहाने मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए। इसी दिन उतरदा यात्री प्रतीक्षालय में बस का इंतजार कर रही सतरूपा मरावी के गले से भी मंगलसूत्र छीना गया। मंगलसूत्र लूट की इन घटनाओं के बाद पुलिस ने हरदीबाजार थाने में बीएनएस की धारा 309(4), 317(2), और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल और हरदीबाजार-बलौदा मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान सूरज यादव उम्र 33, निवासी राताखार गढ़ापारा के रूप में हुई। 8 अगस्त को पुलिस ने सूरज यादव को उसके घर से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी के साथ तीनों वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की।

**खास बात**

- आरोपियों से एक मोटर साइकिल, 4 सोने के मटर दाने व 10 हजार रुपए नगद जब्त


पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त सामान।

### सोनार भी हुआ गिरफ्तार

पुलिस ने पूछताछ में पाया कि सूरज यादव ने लूटे गए मंगलसूत्र को सोनार मुकेश सोनी उर्फ मोनू उम्र 37 निवासी रानी रोड को बेचा था। मुकेश सोनी ने यह जानते हुए कि यह सामान लूट का है उसे खरीदा। इस पर पुलिस ने मुकेश सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 13 सोने के लॉकेट और 4 सोने के मटर दाने जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को 9 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से न सिर्फ लुटेरों को पकड़ा, बल्कि चोरी का सामान खरीदने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई का संदेश दिया है।

## शबरी सेतु में सड़क हादसा, मौके पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शबरी सेतु शिवरीनारायण में शनिवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण निवासी 25 वर्षीय गौरव यादव पिता स्व.विष्णु यादव शनिवार 9 अगस्त की सुबह किसी कार्य के लिए गिधौरी जाने के लिए मोटरसायकल से निकला। सुबह लगभग 10 बजे वह शबरी पुल पर पहुंचा था कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बताया जा रहा है कि जर्जर सड़क और गड्ढों के कारण बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। तेज झटके से वाहन फिसल गया और गौरव सीधे सड़क पर गिर पड़ा। गिरने के दौरान सिर पर गंभीर चोट लगने से उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना भीषण था कि आसपास मौजूद लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़े,लेकिन तब तक गौरव की सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही शिवरीनारायण पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भिजवाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने सड़क की खराब स्थिति को दुर्घटना का मुख्य कारण बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिवरीनारायण-गिधौरी मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। बारिश और भारी वाहनों के आवागमन से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिन पर समय रहते मरम्मत नहीं की गई। लोगों ने कई बार प्रशासन से इस मार्ग की मरम्मत की मांग की है,लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिणामस्वरूप आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं और शनिवार का यह हादसा तो जानलेवा साबित हुआ। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण का कार्य तत्काल किया जाए,ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके।


हादसे के बाद शबरी सेतु पर जुटी लोगों की भीड़।

### बिर्रा में बिजली व्यवस्था चरमराई, उपभोक्ता परेशान

**बिर्रा।** रक्षाबंधन के दिन बिर्रा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। त्योहारी सीजन में एकबार फिर बिर्रा क्षेत्र में बिजली कटौती ने लोगों को हलाकान कर दिया है। पूरे दिन भर लोग गर्मी व उमस से हलाकान नजर आए। वही बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 132/33 सबस्टेशन जैजैपुर के 40 एमव्हीए ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते बिर्रा क्षेत्र में दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक लाईट बंद रही।

## 4 तस्करों से 13 किलो गांज जब्त

**कोरबा।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 13 किलो 200 ग्राम गांजा और एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने क्राइम मीटिंग के दौरान आगामी रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी को देखते हुए जिले में नशीले पदार्थों, नशीली टैबलेट और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। अभियान के दौरान साइबर सेल और सिविल लाइन रामपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग वाहन से गांजा तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन से अलग-अलग पैकेटों में 13.200 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने रजगामार निवासी किरण महंत 35 वर्ष, नेहरूनगर चौकी सीएसईबी निवासी प्रकाश कुमार महंत 32 वर्ष, रिस्दी चौक कोटवार मोहल्ला निवासी दिनेश कुमार यादव 40 वर्ष, रामपुर बस्ती निवासी कृष्णकुमार प्रजापति 42 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### हाथकरघा संस्थान प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं लेटरल एण्ट्री के आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 26 सीट के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र संस्थान के वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र पोस्ट द्वारा ईमेल द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर 15 अगस्त को सायं 5 बजे तक प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा में जमा किया जा सकता है।



